

**चुनौती** हाईकोर्ट ने जबलपुर कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

## रहवासी इलाकों में ज्वलनशील पदार्थों के कारखानों व गोदामों को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर बिना सुरक्षा मानकों के शहर के रहवासी इलाकों में ज्वलनशील पदार्थों के कारखाने और गोदामों के संचालन को चुनौती दी गई है। जस्टिस एमएस भट्टी एमएस भट्टी एवं जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने मामले में नगरीय विकास एवं आवास के सचिव, नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक, कलेक्टर जबलपुर और नगर निगम जबलपुर के आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह जनहित का मामला नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे एवं रजत भार्गव की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि शहर में रहवासी एरिया में गोदाम व्यावसायिक भवनों दुकानें फैक्ट्री चल रही है, जिसमें फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने तर्क दिया कि फायर एनओसी के बिना चल रहे ये प्रतिष्ठान इस भीषण गर्मी में अग्नि दुर्घटनाओं का खुला निमंत्रण है। याचिका में कहा गया है कि जबलपुर शहर के कोने-कोने में ज्वलनशील पदार्थों का उत्पादन व भंडारण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। आवासीय क्षेत्रों में चल रहे ये कारखाने व गोदाम आबादी के लिए खतरा बने हुए हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कई शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कारवाई नहीं की । जबलपुर में पूर्व में एक हॉस्पिटल्स में बड़ी जन हानि हो चुकी है पर प्रशासन नगर निगम अधिनियम भूमि विकास नियमों के विपरीत फायर सेफ्टी के मेजर का उल्लंघन कर रही है।

### एनजीटी ने कछपुरा मालगोदाम के प्रदूषण पर मांगा जवाब

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी ने जबलपुर के कछपुरा मालगोदाम के प्रदूषण को गंभीरता से लिया। इसी के साथ राज्य शासन व प्रदूषण नियंत्रण मंडल को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को निर्धारित की है।

अवमानना याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे व



सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की ओर से अधिवक्ता प्रभात यादव व तरुण रावत ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कछपुरा मालगोदाम से निकल रहे धूल प्रदूषण से 50 हजार निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। पूर्व आदेश के पालन में वहां पर न तो प्रदूषण को नियंत्रित किया गया है और न ही रेल्वे साइडिंग हेतु केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बनाए गए रेग्युलेशन का पालन हुआ है। दरअसल, कछपुरा मालगोदाम घनी बस्ती के पास है। इसके बाजू में स्कूल, ऐतिहासिक गुलौआ तालाब व जबलपुर के मास्टर प्लान में निर्धारित ग्रीन बेल्ट क्षेत्र है। इन सभी को भारी प्रदूषण से खतरा है। इन्हें सुरक्षित करने हेतु पूर्व में दायर याचिका पर एनजीटी ने सात अप्रैल 2025 को निर्देश जारी किए थे। किंतु एक वर्ष बीतने के बावजूद भी आदेशों का पालन नहीं हुआ। कछपुरा मालगोदाम में कार्य करने हेतु पांच अप्रैल 2023 को कंसेंट आर्डर जारी किया गया था। जिसमें प्रदूषण नियंत्रण की शर्तों का पालन करने के निर्देश दिए गए। लेकिन तीन वर्ष बीतने के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोई कार्यवाही नहीं की, जबकि शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ है।

### हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में भी आरक्षण की मांग उठी

हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति में भी आरक्षण की मांग उठी है। ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने इस सिलसिले में राष्ट्रपति, सीजेआई, कानून मंत्रालय व हाईकोर्ट के सीजे को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि मप्र हाई कोर्ट के स्थापना काल 1956 से लेकर आज तक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग से एक भी हाईकोर्ट जज की नियुक्ति नहीं हुई है। जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग से अपवाद के रूप में पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत की सौगत मिली। हालांकि वे भी दिल्ली हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर मप्र हाई कोर्ट आए थे। आरक्षित वर्ग की उच्च न्यायपालिका में सहभागिता की इस स्थिति को लेकर ओबीसी एडवोकेट्स वेल्फेयर एसोसिएशन ने इन वर्गों के अधिवक्ताओं को हाईकोर्ट जज के रूप में नामांकित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। इसके साथ ही महिलाओं को भी स्थान दिए जाने का बिंदु पत्र में शामिल किया गया है। एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि मप्र में अनुसूचित जाति वर्ग की आबादी 16 प्रतिशत, अनुसूचित जनजति जाति वर्ग की 21 प्रतिशत व अन्य पिछड़े वर्ग की आबादी 51 प्रतिशत है। जबकि महिलाओं की आबादी 48.3 प्रतिशत है। लिहाजा, कुल 85 प्रतिशत वाले इन वर्गों के योग्य अधिवक्ताओं को हाईकोर्ट जज बनने का अवसर मिलना चाहिए। सामाजिक न्याय की दृष्टि से ऐसा किया जाना सराहनीय होगा।



## वॉटर कूलर से नल गायब, यात्री परेशान

**रेलवे नहीं ले रही यात्रियों की सुध**

**जबलपुर, नवभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन में इन दिनों शुद्ध पेयजल यात्रियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। प्लेटफार्म क्रमांक 4 और 5 में लगे वाटर कूलरो की हालत बेहद दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। रेलवे से जुड़े लोगों का बताना है कि यह मशीन महीनों से बंद पड़ी है और हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारियों को कोई फर्क भी नहीं पड़ता दिखाई दे रहा है। दरअसल, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को भीषण गर्मी में ठंडे पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफार्म नंबर चार और पांच पर लगाए गए वाटर कूलर काम नहीं कर रहे हैं, और इनके नल भी गायब हो चुके है। जिसके कारण यात्रियों को बोतलबंद ठंडा पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।मालूम हो कि समाजसेवी संस्थाए लगातार अधिकारियों से सुधार कार्य के लिए अनुरोध कर रही है पर जिम्मेदार एसी से बहार ही नहीं निकल रहे। यात्रियों की परेशानियों को देखने वाला कोई मौजूद नहीं रहता है। लम्बी यात्रा करने वाले यात्री जनरल कोच से पानी के लिए प्लेटफार्म में गिर पड़ रहें हैं पर पानी नसीब नहीं हो पा रहा है।

### जेब ढीली करनी पड़ रही है

रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन मुख्य स्टेशन पर ये दावे खोखले साबित हो रहे हैं। वाटर कूलरों से ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे यात्रियों को निशुल्क ठंडे पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। भीषण गर्मी में यात्री पानी के लिए हलाकान हो रहे है। यात्री शशिकांत, हरिओम और ऋषभ ने बताया कि ठंडे पानी के लिए यात्रियों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। उन्हें मजबूरन पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्लेटफार्म पर लगे एक वाटर कूलर की लंबे समय से साफ-सफाई भी नहीं कराई गई है। सच में जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 4 और 5 में पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है ये यात्री अमित सिंह का कहना है।

## जल्द होगी चोरों पर कार्यवाही : सूर्यकांत शर्मा

**पीड़ित परिवार ने एएसपी को सौंपा मांग पत्र**

**नवभारत, जबलपुर।** गोरा बाजार थाने के अंतर्गत कजरवारा पुरानी बस्ती निवासी कंधीलाल उपाध्याय के आवास पर 10 मई को हुई चोरी की जानकारी आज भी नहीं लग पाई है। पीड़ित परिवार के सदस्यों द्वारा सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द चोरी की जांच कराने और चोरी हुए सामान की बरामंदगी के संबंध में मांग पत्र दिया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने अतिरिक्त थाना प्रभारी गोरा बाजार को दूरभाष पर निर्देश जारी किये हैं कि चोरी की सूक्ष्म जांच करें। पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिया है कि जल्द चोरों को पकड़ा जायेगा और आपके चोरी गये सामान की बरामदगी की जायेगी।

पीड़ितों ने मांग क़ी है कि क्षेत्र में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों से साक्ष्य जुटाकर एवं स्थानीय संदिग्ध अपराधियों से पूछताछ कर चोरी किये गये सामान की बरामदगी करायी जाकर चोरों को पकड़ा जाये। मांग पत्र सौंपते समय कंधीलाल उपाध्याय, विवेकरंजन शुक्ला, अटल उपाध्याय, बृजेश मिश्रा, नरेन्द्र, कमल, संदीप, अभय, नमन उपाध्याय, शैलेन्द्र दुबे, प्रशान्त चौकसे, माईकल मसीह, राजाराम डेहरिया, अर्जुन सोमवंशी मौजूद रहे।



### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर।** खमरिया पुलिस ने नारायण धाम फगुआ नाला के समीप रहने वाला रामस्वरूप गोटिंया का 35 वर्षीय बेटा चंद्रमोहन ने अपने घर में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पिता-पुत्र दोनों फिनिक्स पोल्ट्री फार्म में काम करते थे। बीती रात परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गये थे। चंद्रमोहन अपने कमरे में पत्नी और बच्चों के साथ सो रहा था। सुबह 7 बजे उसके पिता ने देखा तो उनका बेटा चंद्रमोहन गोटियां खिड़की की रॉड पर फंदे से लटका था, जिसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## बदला लेने युवक की हत्या करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**गोहलपुर की समता कॉलोनी में 13 मई को हुई थी हत्या**

**नवभारत, जबलपुर।** पुराने रंजिश के चलते बदला लेने की नीयत से गोहलपुर थानांतर्गत समता कॉलोनी में युवक की चाकू से हत्या करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम शिवा चौधरी पिता गणेश चौधरी उम्र 18 साल निवासी समता कॉलोनी गोहलपुर, आयुष रजक पिता राजेश रजक उम्र 18 साल निवासी समता कॉलोनी ,अरुण चौधरी पिता स्व. बलराम चौधरी उम्र 18 साल निवासी समता कॉलोनी सामने आए हैं। विदित हो कि विगत 13 मई को समता कॉलोनी में भावेश उर्फ पप्पू वीरानी के ऊपर पुरानी रंजिश को भुनाने शिवा चौधरी, आयुष रजक एवं अरुण ने चाकू एवं हाथ घूसों से मारपीट कर चहरे, गले और शरीर में कई जगह चोट पहुंचाई थी। हमले के बाद लहूलुहान अवस्था में भावेश को मेडिकल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई थी।



**हत्यारे गए जेल**

जानकारी के अनुसार आरोपी शिवा चौधरी की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त चाकू पुलिस ने जप्त की और तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया गया।

## बल की कमी के कारण ठप हुए हेलमेट जोन




**पंद्रह दिनों में भेजे जा चुके है पांच हजार चालान**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में राहगीरो को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए आज से लगभग दो वर्ष पूर्व बनाए गए हेलमेट जोन अब बदहाल हो चुके हैं। आज भी शहर के कई इलाकों में वाहन चालक बिना हेलमेट लगाए आवाजाही बेधड़क करते नजर आ रहे हैं। पहले जहां पुलिस की सख्त निगरानी रहती थी, वहीं अब कई पॉइंट्स पर पुलिस की गैर मौजूदगी के कारण लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

**नहीं रहे अब हेलमेट जोन**

ज्ञात हो कि शहर के सी.जे. बंगले से इलाहाबाद चौक, भारत माता चौक से गणेश चौक, छोटी लाइन और गढ़ा से पिसनहारी की मढ़िया तक दो साल पहले तत्कालीन एसपी आदित्य प्रताप सिंह और डीएसपी संतोष कुमार शुक्ला द्वारा हेलमेट जोन बनाए गए थे। इन क्षेत्रों में बिना हेलमेट प्रवेश पर रोक लगाई गई थी, लेकिन अब नियमों का पालन कमजोर पड़ता दिख रहा है। वही संतोष कुमार शुक्ला द्वारा बताया गया कि जबलपुर शहर में इतना पुलिस बल मौजूद नहीं है कि हर एक हेलमेट जोन में लगातार चेकिंग के लिए पुलिसकर्मी खड़े किए जा सकें।

### एक दिन में सौ चालान, लेकिन नहीं सुधर रहे वाहन चालक

जिम्मेदार और पुलिस प्रशासन द्वारा बताया गया कि शहर में लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है, इसके बावजूद कई लोग अब भी बिना हेलमेट वाहन चला रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार एक दिन में 100 से अधिक चालान काटे जा रहे हैं, जबकि पिछले 15 दिनों में करीब 5000 चालान किए जा चुके हैं। वहीं ऑनलाइन चालानों की बात करें तो रोजाना लगभग 300 से 400 ई-चालान जारी हो रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि बार-बार कार्रवाई और जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद लोग यातायात नियमों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वही लोगों का कहना है कि पहले पुलिस की सख्त निगरानी रहती थी, जबकि अब कई पॉइंट्स पर कार्रवाई कम हो गई है। वहीं यातायात पुलिस का कहना है कि हेलमेट जोन में लगातार कार्रवाई की जाती है और लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

### आईपीएल सट्टा खेलते युवक गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** क्राइम ब्रांच और तिलवारा पुलिस ने आईसीएमएआर के पास से राजस्थान और दिल्ली के बीच चल रहे आईपीएम क्रिकेट मैच का सट्टा खेलने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने मोबाइल जब्त किया है। पकड़े गए सटोरिए का नाम शिवम सोनी उम्र 24 साल निवासी जेडीए कालोनी थाना तिलवारा निवासी शिवम सोनी 24 वर्ष सामने आया है । पूछताछ में शिवम ने पुलिस को बताया कि राहुल गुजराती ने उसे मोबाइल में लिंक दिया था । पुलिस ने शिवम और राहुल गुजराती के खिलाफ धारा 4 (क) सट्टा एक्ट .के तहत अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। तिलवारा पुलिस ने बताया कि आईसीएमआर के पास शिवम ने जैसे ही पुलिस को देखा तो वह भागने लगा जिसे पकड़ लिया गया।

## ट्रैफिक सुधारने, सड़क दुर्घटना रोकने की उठी आवाज

**गोरा बाजार से बिलहरी डी-मार्ट मार्ग पर लगातार हो रहे हैं सड़क हादसे**

**नवभारत, जबलपुर।** कैंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोरा बाजार से बिलहरी डी-मार्ट तक लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर युवा कांग्रेस एवं कैंट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने यातायात पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। इस संबंध में डीएसपी यातायात को ज्ञापन सौंपकर तत्काल यातायात व्यवस्था सुधारने एवं पुलिस बल तैनात करने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि गोरा बाजार से बिलहरी डी-मार्ट मार्ग पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं, जिसकी सूचना पूर्व में गोरा बाजार थाने में भी दी जा चुकी है। शिकायत के बाद संबंधित अधिकारियों एवं डीएसपी द्वारा सड़क का निरीक्षण और सर्वे भी किया गया था, लेकिन लगभग दो महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन की उदासीनता के कारण आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने हाल ही में बिलहरी क्षेत्र में हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि तीन दिन पूर्व एक जोमैटो कर्मचारी की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई, इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। युवा कांग्रेस नेता राहुल रजक एवं कैंट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन कनौजिया ने मांग की है कि गोरा बाजार से बिलहरी डी-मार्ट तक यातायात पुलिस की नियमित तैनाती, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था, संकेतक बोर्ड एवं सुरक्षा उपाय तत्काल लागू किए जाएं ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस एवं कैंट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



## रुपयों की मांग कर युवकों पर चाकू से हमला


**माढ़ोताल और रांझी क्षेत्र में वारदात**

**जबलपुर।** माढ़ोताल और रांझी क्षेत्र में दो अलग-अलग वारदातों में असमाजिक तत्वों ने अवैध तरीके से रुपयों की मांग करते हुए युवकों पर चाकूओं से हमला कर दिया। जिसमें दो युवकों को गंभीर चोटे आई है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामलों को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि आईटीआई चुंगीनाका निवासी 20 वर्षीय अंकित खटीक बीती रात अपने साथी नकुल खटीक, राज पटेल व वरुण चौरसिया के साथ्ण मिलकर मोहल्ले में होने वाले शिव महापुराण के लिये चंदा इकट्ठा कर रहे थे। उसी समय माढ़ोताल निवासी अनूप व उसका साथी पहुंचे और पूछने लगे कितना चंदा हुआ, जैसे ही अंकित ने कहां कुछ भी नहीं हुआ और तुम्हें क्या मतलब, इसी बात पर अनूप ने रुपयों की मांग करते हुए मारपीट शुरु कर दी। विरोध करने पर चाकू से हमला कर अंकित के हाथ में चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि साई विहार में रहने वाला 20 वर्षीय साहिल कोल अपने रिश्ते के भाई पंकज के साथ चाबी लेने सूजल रैकवार के घर गया था। वहां से वापस आते समय उन्हें रास्तें में नमन रैकवार व अनुज कोल मिले, जिन्होंने पंकज से एक हजार रुपयों की मांग शुरु कर दी। उन्होंने रुपये देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने मारपीट शुरु कर दी, इसी बीच नमन ने चाकू से हमला कर साहिल के दोनों पैरों की जांघ में चोट पहुंचा दी। पुलिस ने उक्त दोनों मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

**दुर्घटना** ब्रेक फेल होने से हुआ सड़क हादसा, बरेला-मंडला मार्ग पर नागा घाटी के पास दुर्घटना

## भारी भरकम 5 वाहनों की आपस में जबरदस्त भिड़ंत



**नवभारत, जबलपुर।** बरेला शारदा मंदिर के पास नागा घाटी के सामने सोमवार सुबह करीब साढे नौ बजे उस वक्त हड़कंप मच गया पांच भारी भरकम वाहनों की आपस में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए और कई लोग वाहनों में फंसे रह गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू करते हुए कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही बरेला पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

बरेला टीआई ने नवभारत को बताया कि सोमवार सुबह करीब साढे नौ बजे बरेला शारदा मंदिर के पास ओवरटेक करते समय सड़क दुर्घटना घटित हुई है जिसमें दो चालकों को मामूली चोटें आईं हैं। इस दौरान एक वाहन का ब्रेक फेल हो गया था जिस कारण दुर्घटना घटित हो गई। हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। टीआई के अनुसार एक ट्रैक्टर, 2 ट्राला, ट्रक आमने सामने से आ रहे थे वहीं पर सड़क किनारे एक ट्रक में सुधार कार्य चल रहा था इसी दरम्यान ओवरटेक करने के चक्कर में ये सभी पांचों वाहन आपस में टकरा गए और हादसा घटित हो गया।

### अभी तक नहीं उठाया गया ठोस कदम

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नागा घाटी से नीचे उतरते समय सड़क सपाट होने के कारण कई बार भारी वाहनों के ब्रेक ठीक से काम नहीं करते, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ जाते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस खतरनाक मार्ग को लेकर कई बार पुलिस और प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### सड़क पार कर रहे युवक को स्कूटी ने मारी टक्कर, मौत

**सिहोरा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना**

सिहोरा थानांतर्गत ग्राम बरगी के पास एनएच 30 रोड के किनारे मंदिर के पास स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एक्स 4772 के चालक ने पैदल सड़क पार कर रहे 33 वर्षीय राजेश कुमार मिश्र उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम रमनगरी थाना शाहपुर जिला मउगंज को जबर्दस्त टक्कर मार दी और फिर मौके पर वाहन छोड़ भाग निकला। टक्कर के बाद घायल के सिर में गंभीर चोटें आईं जिसे तत्काल एंबुलेंस के जरिए सिहोरा अस्पताल लाया गया यहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया है। इस संबंध में विद्याशंकर मिश्र उम्र 55 वर्ष निवासी गणेशनगर कछपुरा ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि देर रात ग्राम बरगी के पास एनएच 30 रोड के किनारे स्कूटी के चालक ने राजेश को टक्कर मारी जिस वजह से हादसा घटित हुआ है।

**बाइक से गिरे युवक की मौत**

सड़क दुर्घटना में घायल 18 वर्षीय युवक ने इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया है। पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है। इस संबंध में तिलवारा पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह बादशाह हलवाई मंदिर के पास गोरखपुर निवासी पीयूष सिंह ठाकुर बरगी हिल्स आईटी पार्क के पास बाइक से गिर गया था जिसे गंभीर चोटें आईं थीं। हादसे के बाद उसकी बुआ संगीता सिंह ने मेडिकल में उसे भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।